तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 16 मई 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4
प्रशासन का मुंह ताकने के बजाय चंदा कर किया तालाब गहरीकरण






## खबर संक्षेप

### पेड़ के नीचे गुड़ बेच रहे वृद्ध पर गिरा डंगाल, मौत

**अम्बिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम खजुरी कोलटापारा निवासी मिनकेतन प्रधान आ. स्व. गनसो प्रधान (62 वर्ष) 13 मई को लखनपुर साप्ताहिक बाजार में गुड़ बेचने गया था। ग्रामीण लखनपुर सेन्ट्रल बैंक के बगल में पीपल पेड़ के नीचे चबूतरा में बैठक कर गुड़ बेच रहा था। दोपहर 3 बजे मौसम बदलने के साथ तेज आंधी तूफान चलना शुरू हो गया। इसी बीच पीपल पेड़ का मोटा डंगाल टूट कर ग्रामीण के ऊपर गिर गया जिससे वह गंभीर रूप घायल हो गया। घायल को तत्काल लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान शाम 5.40 बजे ग्रामीण की मौत हो गई।

### 75 हजार के नशीले इंजेक्शन, एक गिरफ्तार

**सूरजपुर।** नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब पुलिस टीम ने 75 हजार कीमत के नशीले इंजेक्शन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे चौकी बसदेई पुलिस ने रेल्वे स्टेशन में अंबिकापुर-दुर्ग ट्रेन का आने का समय होने पर स्टेशन सूरजपुर रोड जाकर स्टेशन के बाहर ट्रेन से उतर कर आने जाने वाले यात्रियों से पूछताछ किया जा रहा था उसी समय एक व्यक्ति रेलवे स्टेशन के बाहर हाथ में झोला रखा था जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने स्टेशन के बाहर घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने नाम मदनेश्वर प्रसाद आ. स्व. राम रतन (35 वर्ष) व ग्राम सोनपुर चौकी बसदेई का होना बताया। पुलिस ने उसके पास रखे झोला की तलाशी ली तो 75 हजार रुपये कीमत का नशीला इंजेक्शन बरामद किया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि एक व्यक्ति 20 हजार रुपये नशीली इंजेक्शन खरीदने के लिए दिया था जिसके बाद मध्यप्रदेश के एक जिले के एक मेडिकल स्टोर से नशीली इंजेक्शन खरीदकर ला रहा था। पुलिस ने नशीला इंजेक्शन को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### नीम कोटेड यूरिया से भरा पिकअप, 70 बोरी खाद जब्त

**सीतापुर।** कृषि विभाग ने नीम कोटेड यूरिया से भरे पिकअप को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पिकअप से 70 बोरी नीम कोटेड यूरिया बरामद किया गया है। कोचिए भविष्य में कालाबाजारी के लिए यूरिया का अवैध रूप से भंडारण कर रहे थे। फिलहाल जब्त किए गए वाहन व आरोपी को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही मामले की जांच चल रही है। बता दें कि सरगुजा में खेती के समय यूरिया की कालाबाजारी चरम पर होती है। यूरिया की किल्लत का फायदा उठाकर कोचिए व तस्कर किसानों को मोटी कीमतों पर यूरिया की बिक्री करते है लेकिन वर्तमान में ना ही धान के फसल की तैयारी शुरू हुई है और ना ही किसानों को किसी अन्य फसल के लिए यूरिया की जरुरत है लेकिन कोचिया अभी से ही यूरिया के भंडारण में जुट गए है। इसका एक मात्र उद्देश्य खेती के समय किसानों को मोटी कीमतों पर यूरिया बिक्री कर उनकी मजबूरी का फायदा उठाना है।

---

ग्रामीणों की मांग पर पटवारी का प्रभार बदलने के मौके पर ही दिए निर्देश

# तीन ओर पहाड़ से घिरे दूरस्थ गांव कुरूमढोढ़ा में लगी प्रशासन की चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- सड़क-पुल, राशन, पानी व राजस्व सेवाओं पर दिए त्वरित निर्देश

बगीचा अनुविभाग अंतर्गत तीन ओर पहाड़ों से घिरे दूरस्थ ग्राम कुरूमढोढ़ा में कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने गुरुवार को आम के पेड़ के नीचे जनचौपाल लगाई। उन्होंने वहां ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। इस दौरान छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष श्री शंभूनाथ चक्रवर्ती भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने चौपाल में ग्रामीणों से आत्मीयता के साथ संवाद करते हुए गांव की मूलभूत समस्याओं जैसे राशन, आवास, पेयजल, सड़क एवं राजस्व सेवाओं की विस्तृत जानकारी ली। ⏭ शेष पेज 4 पर



### राजस्व सेवाएं अब गांव के करीब

ग्रामीणों की मांग पर कलेक्टर ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए कुरूमढोढ़ा ग्राम के लिए रनपुर के पटवारी को प्रभार देने के निर्देश एसडीएम को दिए। पहले ग्रामीणों को राजस्व कार्यों के लिए दूरस्थ गांव ढोढ़ाअम्बा के पटवारी के पास जाना पड़ता था, जबकि कुरूमढोढ़ा रनपुर पंचायत अंतर्गत आता है। इससे ग्रामीणों को कठिनाई होती थी। अब यह सुविधा गांव के नजदीक उपलब्ध होने से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। इस निर्णय पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए तालियां बजाकर कलेक्टर का आभार व्यक्त किया और त्वरित समाधान के लिए प्रशंसा की।

### राशन व्यवस्था और पेयजल पर त्वरित निर्णय

चौपाल में ग्रामीणों ने राशन दुकान दूर होने की समस्या बताते हुए कहा कि उन्हें राशन लेने रनपुर जाना पड़ता है। इस पर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कुरूमढोढ़ा में ही राशन भंडारण कर स्थानीय स्तर पर वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को सुविधा मिल सके। विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बस्ती में नल-जल की समस्या सामने आने पर कलेक्टर ने तत्काल आवश्यक बोर खनन कराने के निर्देश दिए, जिससे पेयजल संकट दूर हो सके।

### आवास और राजस्व प्रकरणों पर भी दिए निर्देश

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेते हुए हितग्राहियों को निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने और तेजी से पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया, ताकि उन्हें पक्के मकान की सुविधा मिल सके। फौती बंटवारे के लिए तहसील जाने की समस्या पर कलेक्टर ने बताया कि अब ग्रामीण सचिवालय के माध्यम से गांव स्तर पर ही ऐसे प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है।

### डिजिटल सेवाएं भी गांव तक

कलेक्टर ने बताया कि गांवों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिसके माध्यम से आय, जाति, निवास जैसे प्रमाण पत्र अब स्थानीय स्तर पर ही बनाए जा सकेंगे। इससे ग्रामीणों का समय, श्रम और खर्च बचेगा। यह जन चौपाल न केवल समस्याओं के समाधान का माध्यम बनी, बल्कि प्रशासन की संवेदनशीलता और ग्रामीणों के प्रति प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

---

## ट्रांसफार्मर खराबी से अंधेरे में डूबी बस्ती में बहाल हुई बिजली



- पेयजल व्यवस्था भी हुई सुचारु

**जशपुरनगर।** भीषण गर्मी के बीच ग्राम मटासी की बस्ती में ट्रांसफार्मर खराब होने से लगभग 21 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही, जिससे पूरा गांव अंधेरे में डूबा रहा। बिजली बाधित होने के कारण पेयजल व्यवस्था भी पूरी तरह प्रभावित हो गई थी और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। मामले की जानकारी जैसे ही मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय तक पहुंची, उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर विभागीय टीम ने तेजी से कार्य करते हुए नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया और बिजली आपूर्ति को बहाल किया।बिजली व्यवस्था पुनः शुरू होते ही गांव में रोशनी लौट आई और पेयजल आपूर्ति भी सामान्य हो गई, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। लंबे समय से समस्या झेल रहे ग्रामीणों के चेहरे पर संतोष और खुशी स्पष्ट नजर आई। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता और त्वरित कार्यवाही की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समय पर हुई इस कार्रवाई से यह स्पष्ट होता है कि सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह घटना दर्शाती है कि शासन प्रशासन स्तर पर जनहित सर्वोपरि है।

---

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, कोर्ट ने सुनाई 10 साल की सजा

**जशपुरनगर।** प्यार, शादी और साथ निभाने के वादे, लेकिन पीछे छिपा था धोखा। कुनकुरी थाना क्षेत्र में एक युवती को शादी का झांसा देकर चार साल तक दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कोर्ट ने 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।



विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी अत्याचार निवारण न्यायालय ने आरोपी पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं भरने पर उसे 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामले में आरोपी वासिफ अंसारी उम्र 29 वर्ष निवासी सिमडेगा, झारखंड को दोषी पाया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने वर्ष 2019 से दिसंबर 2023 तक युवती को शादी का भरोसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया। जब युवती ने शादी करने की बात कही तो आरोपी 3 जनवरी 2024 को अचानक उसे छोड़कर फरार हो गया। 28 वर्षीय पीड़िता कुनकुरी क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर एक दुकान में काम करती थी। वर्ष 2018 में किसी काम से जशपुर आने के दौरान उसकी मुलाकात आरोपी से हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत शुरू हुई। आरोपी ने युवती को प्रेमजाल में फंसाया और शादी का भरोसा देकर संबंध बनाए। पीड़िता का आरोप था कि आरोपी लगातार शादी का आश्वासन देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। बाद में जब उसने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी बिना बताए भाग गया। इसके बाद युवती ने 19 जनवरी 2024 को कुनकुरी थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। कुनकुरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376(एन) और एससी-एसटी एक्ट की धारा 3(2)(v) के तहत केस दर्ज किया था। मामले की जांच एसडीओपी कुनकुरी विनोद कुमार मंडावी और तत्कालीन थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुनील सिंह ने की थी। पुलिस ने आरोपी को वर्ष 2024 में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।मामले में लोक अभियोजक अजीत रजक की पैरवी और पुलिस की विवेचना के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

---

## शिकायत निवारण के संबंध में अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रत्येक नागरिकों को शासकीय सेवाओं की आसान पहुंच सुनिश्चित करने और उनकी शिकायतों के निवारण के लिए राज्य सरकार बड़ी पहल करने जा रही हैं।

राज्य सरकार सीएम हेल्पलाइन और शिकायत प्रबंधन प्रणाली छत्तीसगढ़ शुरू कर रही है। जिसे सुशासन और अभिसरण विभाग के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य नागरिकों को अपनी शिकायतें दर्ज कराने, सरकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी प्राप्त करने तथा अपनी शिकायतों का समयबद्ध निराकरण हेतु एक एकीकृत, सुलभ और विश्वसनीय माध्यम प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित की गई है। इस संबंध में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में ब्लॉक और जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान



कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित गति से निराकरण सभी अधिकारियों की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। यह अवश्य ध्यान रखा जाना चाहिए. कि पात्र हितग्राहियों को शासकीय सेवाओं का लाभ समय पर मिले, साथ ही वे समस्या के निराकरण से संतुष्ट नजर आए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, सीएम हेल्पलाइन के जिला स्तरीय नोडल अधिकारी श्री हरिओम द्विवेदी सहित एसडीएम, सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे। सीएम हेल्पलाइन के प्रशिक्षण दल के प्रमुख श्री अनुराग दीवान ने जानकारी देते हुए बताया कि सीएम हेल्पलाइन एक केंद्रीकृत और तकनीक से संचालित शिकायत निवारण प्रणाली है। इसके माध्यम से नागरिक फोन, व्हाट्सएप, वेब पोर्टल, मोबाइल ऐप या लिखित आवेदन द्वारा सरकारी सेवाओं से जुड़ी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। सभी शिकायतों का समाधान चार स्तरों के जरिए किया जाएगा, जिसमें हर स्तर पर तय समयसीमा होगी। सिस्टम में शिकायत की रियल-टाइम ट्रैकिंग, समाधान के बाद नागरिकों से फीडबैक लेना और MIS आधारित रिपोर्टिंग शामिल होगी, ताकि कामकाज की निगरानी सही तरीके से हो सके। सभी विभागों को तय समय सीमा के भीतर शिकायतों का समाधान करना होगा। हेल्पलाइन से प्राप्त डेटा की समय-समय पर समीक्षा की जाएगी, जिससे कमियों की पहचान हो, जिम्मेदारी तय हो सके और सरकारी सेवाओं में सुधार के लिए जरूरी कदम उठाए जा सकें। उन्होंने जानकारी दी कि सीएम हेल्पलाइन एवं शिकायत निवारण प्रणाली के तहत 1076 टोल फ्री नंबर जारी किया जाएगा। इसके माध्यम से नागरिक अपनी शिकायत दर्ज करा कर समाधान पा सकते हैं।

---

## श्री जगन्नाथ मंदिर स्थापना का प्रथम वर्षगांठ महोत्सव शुरू

- दोकड़ा में चल रहा भक्ति का महासंगम

**जशपुरनगर।** जिले के दोकड़ा में ऐतिहासिक एवं श्रद्धा के केंद्र श्री जगन्नाथ मंदिर दोकड़ा के स्थापना प्रथम वर्षगांठ महोत्सव के तहत शुक्रवार से भव्य हरि कीर्तन अष्ट प्रहरी महायज्ञ का शुभारंभ हो गया। सुबह से ही मंदिर परिसर "हरे कृष्ण हरे राम" एवं "जय जगन्नाथ" के जयकारों से गूंज उठा। इस धार्मिक आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय विशेष रूप से शामिल हुईं और भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।महोत्सव में छत्तीसगढ़ ⏭ शेष पेज 4 पर



### पारंपरिक झाकियों से सजा मंदिर परिसर

मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सजावट, पारंपरिक झांकियों एवं धार्मिक प्रतीकों से भव्य रूप दिया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, बैठने एवं महाप्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति के अनुसार संध्या आरती में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। संध्या के समय दीपों एवं भक्ति संगीत से मंदिर परिसर दिव्य आभा से आलोकित हो उठेगा।

### महायज्ञ की प्राणाहुति एवं समापन

आयोजन समिति ने बताया कि तीन दिवसीय इस धार्मिक महोत्सव का समापन शनिवार को पूर्णाहुति, दधीभजन एवं नगर भ्रमण के साथ होगा। महोत्सव क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक एकता का संदेश दे रहा है।गौरतलब है कि दोकड़ा का श्री जगन्नाथ मंदिर क्षेत्र की आस्था एवं परंपरा का प्रमुख केंद्र बन चुका है। वर्ष 1942 से यहां भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा परंपरा चली आ रही है, जबकि मंदिर के जीर्णोद्धार एवं भव्य निर्माण कार्य की शुरुआत वर्ष 2019 में हुई थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय द्वारा मंदिर की नींव रखी गई थी तथा 25 मई 2025 को मंदिर का भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न हुआ था।

---

## ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित भारत-जीरामजी अधिनियम का 1 जुलाई को शुभारंभ

- ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने हेतु 125 दिनों के वैधानिक रोजगार की गारंटी

**जशपुरनगर।** रोजगार, आजीविका और ग्रामीण परिवर्तन को गति देने हेतु 95,692 रूपए करोड़ का ऐतिहासिक आवंटन मौजूदा जॉब कार्ड मान्य रहेंगे, पहले से चल रहे कार्य बिना किसी व्यवधान के जारी रहेंगे। ग्रामीण विकास और रोजगार को नई दिशा देते हुए, भारत सरकार ने 11 मई 2026 को विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 को अधिसूचित कर दिया है यह अधिनियम 1 जुलाई से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होगा।

विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम लागू होने के साथ ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (महात्मा गांधी नरेगा), 2005 उसी तिथि से निरस्त माना जाएगा। यह भारत के ग्रामीण विकास ढांचे में एक ऐतिहासिक परिवर्तन है, जो विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप एक समेकित (इंटीग्रेटेड), भविष्य उन्मुख एवं उत्पादकता (प्रोडक्टिविटि) आधारित ग्रामीण परिवर्तन के नए युग की शुरुआत करता है। नई व्यवस्था के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं, उन्हें प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के मजदूर आधारित रोजगार की वैधानिक गारंटी प्राप्त होगी। यह बढ़ी हुई गारंटी आजीविका सुरक्षा को मजबूत करने, ग्रामीण आय में वृद्धि करने तथा ग्राम स्तर पर सतत विकास को समर्थन देने के उद्देश्य से लाई गई है। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार श्रमिकों को उनकी रोजगार मांग के अनुसार निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य उपलब्ध कराया जाएगा। ऐसा न होने की स्थिति में श्रमिक बेरोजगारी भत्ता पाने के हकदार होंगे।

---

बड़ी संख्या में वाहनों के खड़े होने से लोगों को हो रही परेशानी

# फारेस्ट आफिस के पास सड़क पर दिन भर लग रहा जाम

**पत्थलगांव।** फारेस्ट विभाग के आफिस के सामने सड़क किनारे सब्जी व फल ठेला लगाने व खरीदने वालों के चलते प्रतिदिन यातायात बाधित हो रही है, जिससे आनेजाने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

बता दें कि बीते महीने भर से दुकानदार सड़क किनारे दुकान व ठेले लगाकर सब्जी व फल बेच रहे हैं। जिन्हें खरीदने लोग अपनी कार व बाइक सड़क में खड़ी कर चले जाते हैं। सड़क पर गाड़ियों के खड़े करने से चलने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इस सड़क में हर मिनट में छोटी बड़ी वाहनों की लगातार आवाजाही होती है। आने जाने के लिए कोई और अन्य रास्ता नहीं है। उस स्थिति में कभी भी दुर्घटना घट सकती है। सब्जी बेचने वाले व फल बेचने एवं अन्य दुकानदार सड़क किनारे अपनी दुकान मजे से लगा रहे हैं। बड़ी शान से सड़क में वाहनों को खड़ा कर लोग सामानों को खरीद रहे हैं। इन सभी लापरवाही के लिए कौन जिम्मेदार है। स्थानीय प्रशासन व्यवस्था को बेहतर बनाए जिससे अन्य लोगों को सड़क पर आवाजाही करने में किसी तरह की कोई परेशानी न हो।





### नहीं होती कार्रवाई

ट्रैफिक पुलिस में है पर कार्रवाई कहां करती है किसी को पता नहीं है। शहर की यातायात व्यवस्था सही मायने में पूरी तरह खराब हो चुकी है। कारण बस एक ही है कि लोग सड़क पर वाहन खड़े करते हैं। ट्रैफिक पुलिस को चाहिए कि लगातार ऐसे वाहनों पर कार्रवाई करे जिन्हें बार बार कहने के बाद भी सड़क में वाहन खड़े कर रहे हैं। साथ ही उन दुकानदारों पर भी कार्रवाई की जाए जिनके दुकान के सामने सड़क पर वाहन खड़े हो रहे हैं।

### प्रशासन को कराया अवगत

नगर के जागरूक नागरिकों ने प्रशासन को बार बार सड़क पर वाहन खड़े होने और जाम की स्थिति बनने से अवगत कराया है। उन्होंने दुर्घटना से लेकर सड़क यातायात में हो रही परेशानी से लगातार अवगत कराया है। लेकिन प्रशासन कोई बेहतर व्यवस्था बनाने की दिशा में कार्य नहीं कर रही है। इसी तरह सड़कों पर वाहन खड़े होते रहे तो लोगों को आगे भी परेशानी उठानी पड़ सकती है।

---

## पेट्रोल पम्प मैनेजर से लूट के मामले में नाबालिग समेत चार गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** पेट्रोल पम्प के मैनेजर से 61 हजार रूपए से अधिक की लूट करने के मामले में दरिमा पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में विधि से संघर्षरत बालक समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस लूट का मास्टर माइंड पेट्रोल पम्प का पूर्व कर्मचारी ही निकला जो पूर्व में की गई चोरी के बाद काम से निकाले जाने से नाराज था।

बताया जा रहा है कि गांधीनगर निवासी शिवचंद वर्मा आ. अर्जुन प्रसाद वर्मा मैनपाट के कुम्हारता नचाई स्थित वेदिका पेट्रोल पंप का मैनेजर है। मैनेजर शिवचंद वर्मा 7 मई को वेदिका पेट्रोल पंप से हिसाब किताब करने के बाद नगदी रकम 61 हजार 670 रूपए लेकर वापस अम्बिकापुर आ रहा था। इस दौरान रास्ते में नचाई चौक के पास दो बाईक में चार नकाबपोश लोगों ने उसका रास्ता रोक लिया और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की दमकी दी। लुटेरे मैनेजर के पास रखा नगदी रकम, मोबाइल फोन, हिसाब किताब की डायरी और बाइक लूटकर फरार हो गए। इस घटना की शिकायत मैनेजर ने पुलिस से की थी जिसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। दरिमा पुलिस व साइबर सेल की टीम ने दरिमा से गांधीनगर के बीच सैकड़ो सीसीटीवी फुटेज की जांच की इसके साथ ही लोगों से पूछताछ की। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज व लोगों के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान दुर्गेश, आकाश झारिया, निशांत नगेसिया एवं एक अन्य के रूप में की। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी।

## खबर संक्षेप



### बेल्ट एग्जाम में सफल खिलाड़ियों का सम्मान

**रामानुजगंज।** नगर में 24, 25 एवं 26 अप्रैल को आयोजित मार्शल आर्ट कराटे बेल्ट एग्जाम में सफल खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विजयनगर चौकी प्रभारी अश्विनी सिंह ने खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट एवं बेल्ट प्रदान किए, वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉपर्स खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अप्रैल माह में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले 10 खिलाड़ियों तथा अनुशासन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 5 खिलाड़ियों को भी प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। मुख्य प्रशिक्षक शिहान तरुण शर्मा ने बताया कि बेल्ट परीक्षा में खिलाड़ियों की लिखित, मौखिक, प्रैक्टिकल, फिजिकल एवं अनुशासन के आधार पर परीक्षा ली गई। कुल 500 अंकों की परीक्षा में प्रत्येक विषय में न्यूनतम योग्यता प्राप्त करना अनिवार्य था। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इस बार शत प्रतिशत सफलता हासिल की। मुख्य प्रशिक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 16 एवं 17 मई को हरिद्वार में आयोजित राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए 6 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में राधा रानी शर्मा, महिमा सिंह सिदार, कुमारी मुस्कान, कुमारी आराध्या, अंश कुमार एवं कृष्ण कुमार विश्वकर्मा शामिल हैं।

### वीएम कॉलेज में नर्सेस डे पर फ्लोरेन्स नाइटेंगल को किया गया याद



**बिश्रामपुर।** नर्सेस दिवस के अवसर पर नर्सिंग सेवा की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटेंगल को याद करते वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग बिश्रामपुर में कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग के डायरेक्टर विजयराज अग्रवाल ने कहा कि नर्सिंग का क्षेत्र त्याग, तपस्या और बलिदान का क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि नर्स बनने का उद्देश्य केवल सेवा होनी चाहिए, आज के समय में नर्स बनने के लिए सर्वसुविधायुक्त कालेज भवन, उपकरण, लैब, अच्छी क्लीनिकल सुविधा सब कुछ उपलब्ध है। फ्लोरेंस नाइटेंगल के समय में उक्त सुविधाएं नहीं थी, लेकिन उनके द्वारा किए गए सेवा कार्य को आज भी पूरे आदर व सम्मान के साथ पूरे विश्व में याद कर उन्हे स्मरण करने ही नर्सेस दिवस मनाया जाता है। दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिवस विद्यार्थियों के चार ग्रुप में क्विज प्रतियोगिता, उपकरण पहचानो प्रतियोगिता एवं दवाइयों की पहचान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस में नर्सेस डे की थीम एवं नर्सिंग पेशे के महत्व का परिचय बताया गया। नर्सिंग सेवा की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटेंगल को याद करते हुए केक कटिंग भी किया गया। सिमुलेशन ऑन डिजास्टर ट्रायेज सिस्टम, संचार कौशल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्राकृतिक आपदा के समय जो चिकित्सा पद्धति अपनायी जाती है, नर्सिंग विद्यार्थियों के द्वारा उसका चित्रण किया गया। कार्यक्रम में सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरूस्कृत भी किया गया। वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग के प्रभारी प्राचार्य संतोष सिंह ने नर्सिंग कालेज के नर्सिंग स्टाफ हेतु जो नए नियम निर्धारित किए गए हैं, उनके विषय में स्टुडेन्ट्स को बताया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्राध्यापिका उमा टण्डन और रिंकी राजवाड़े ने किया।

### सुशासन शिविर में ग्रामीणों ने बताई पेयजल की समस्या

**राजपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा नल जल योजना के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता अब भी बड़ी समस्या बनी हुई है। क्षेत्र के कई गांवों में योजना के तहत पाइपलाइन विस्तार, पानी टंकी निर्माण और स्टैंड पोस्ट तो बना दिए गए, लेकिन नियमित संचालन और रख रखाव के अभाव में अधिकांश योजनाएं केवल शोपीस बनकर रह गई हैं। ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों का आरोप है कि विभागीय कर्मचारी निर्माण कार्य पूरा होने के बाद गांवों की ओर दोबारा झांकने तक नहीं आते। इसके कारण कई स्थानों पर हैंडपंप खराब पड़े हैं और उनकी मरम्मत कार्य लंबे समय से बंद है। ग्रामीणों को मजबूरी में दूर-दराज के स्रोतों से पेयजल लाना पड़ रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी अब जमीनी हकीकत से दूर होकर केवल शासन द्वारा आयोजित संवाद से सम्पूर्ण समाधान सुशासन शिविर में ही सक्रिय दिखाई देते हैं, जबकि गांवों में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि विभाग गांव-गांव जाकर बंद पड़ी नल जल योजनाओं और खराब हैंडपंपों की तत्काल जांच कर मरम्मत कार्य शुरू कराए ताकि लोगों को गर्मी के मौसम में पेयजल संकट से राहत मिल सके। सुशासन शिविर में विभागीय जानकारी देते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की उप अभियंता मंजू खलखो ने बताया कि राजपुर जनपद क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में कुल 1996 हैंडपंप स्थापित हैं। हालांकि जब इन हैंडपंपों की वर्तमान स्थिति, बंद पड़े हैंडपंपों की संख्या और मरम्मत कार्य के संबंध में जानकारी मांगी गई तो उप अभियंता जवाब देने में असहज नजर आईं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि विभाग के पास ही हैंडपंपों की वास्तविक स्थिति का स्पष्ट आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, तो ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था का प्रभावी संचालन कैसे संभव हो पाएगा।

### डेढ़ किमी दूर स्थित ढोढ़ी का पानी पीना बनी मजबूरी

# गर्मी में भीषण जल संकट से जूझ रहे ग्राम जमोनी के पहाड़ी कोरवा परिवार



पानी ले जाती महिलाएं।



जमे हुए पानी में बर्तन धोती बच्ची।

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

ग्राम पंचायत बबौली अंतर्गत ग्राम जमोनी में निवारत पहाड़ी कोरवा समुदाय के लोग लम्बे समय से भीषण जल संकट से जूझ रहे हैं। गांव में पेयजल का वैकिल्पक व्यवस्था नहीं होने के कारण पहाड़ी कोरवा परिवारों को डेढ़ किमी दूर ढोढ़ी से पानी लाना पड़ता है।

**खास बात**

- एक साल से बंद पड़े हैण्डपंप की मरम्मत कराने नहीं हुई पहल

बेहद पिछड़े एवं संरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं पण्डो जनजाति पिरवारों के जीवन को आसान बनाने शासन द्वारा कई महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही हैं लेकिन क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की लापरवाही के कारण ये विकास योजनाएं अभी तक जरूरतमंद ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पायी है। यहां तक कि पहाड़ कोरवा बस्तियों में अभी तक स्वच्छ पेयजल भी उपलब्ध नहीं हो सका है। ग्राम जमोनी में पहाड़ी कोरवा समुदाय की आबादी 200 से अधिक है। ग्रामीणों की सुविधा के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बस्ती से कुछ दूरी पर हैण्डपंप का खनन कराया गया था लेकिन पिछले एक साल से हैण्डपंप बंद पड़ा है। ग्रामीणों ने स्थिति से पंचायत प्रतिनिधियों को अवगत कराया लेकिन किसी ने इस बड़ी समस्या पर ध्यान नहीं दिया। मजबूरी में ग्रामीण बस्ती से डेढ़ किमी दूर स्थित ढोढी का पानी पी रहे हैं। गर्मी में पानी की जरूरत बढ़ने के कारण परिवार के सदस्यों को पूरे दिन ढोढ़ी का पानी ढोना पड़ता है। ढोढ़ी की दूरी अधिक होने के कारण हर परिवार के एक-दो सदस्य पूरे दिन पानी की व्यवस्था में व्यस्त रहते हैं। जल स्रोत की साफ-सफाई को लेकर ग्रामीणों में जागरूकता की भारी कमी है। बरसात के दिनों में जल स्रोत का गंदा पानी पीने के कारण जल जनित बीमारियों के फैलने का भी खतरा बना रहता है, लेकिन आसपास में पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण ढोढ़ी का पानी पीने के अतिरिक्त ग्रामीणों के पास कोई दूसरा विकल्प भी नहीं है। शासन द्वारा जल जीवन मिशन के तहत गांव-गांव में शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पानी टंकी का निर्माण कराने के साथ ही गली-गली पाइप लाइन का विस्तार करा रही है। ग्राम जमोनी तक अभी जल जीवन मिशन योजना नहीं पहुंची है। ग्रामीणों के शासन द्वारा लगाए गए हैण्डपंप के पास ही एक ग्रामीण ने खेतों की सिंचाई के लिए ट्यूबवेल खनन कराया है। ट्यूबवेल से पर्याप्त पानी निकल रहा है जबकि पंचायत प्रतिनिधि हैण्डपंप बंद होने के पीछे भूगर्भ में पानी उपलब्ध नहीं होने को कारण बता रहे हैं तथा बंद हैण्डपंप की मरम्मत कराने कोई पहल नहीं कर रहे हैं।

इस संबंध में ग्राम पंचायत बबौली के सरपंच रामनिवास टेकाम ने बताया कि मुझे हैण्डपंप खराब होने की जानकारी थी। तत्काल इसकी मरम्मत कराता हूं।

#### टैंक स्टैण्ड बना शो-पीस

पीएचई द्वारा पहाड़ी कोरवा परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने जल जीवन मिशन के तहत दो वर्ष पूर्व बस्ती में लोहे का टैंक स्टैण्ड स्थापित किया गया है। अभी बस्ती के घरों तक पाइप लाइन का विस्तार नहीं किया जा सका है। कुछ स्थानों पर पानी आपूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाई गई है। शेष पाइप खुले में बिखरे पड़े हैं। ठेकेदार द्वारा अभी तक ट्यूबवेल का भी खनन नहीं कराया गया है न ही प्लास्टिक टंकी की ही व्यवस्था की गई है। दो साल पूर्व ही योजना का आधा-अधूरा काम करने के बाद निर्माण बंद कर दिया है। स्थिति को देखते हुए मिशन के अधूरे कार्यों को पूरा होने में वर्षों का समय लगने की संभावना जताई जा रही है।

#### अन्य बस्तियों में भी पेयजल संकट

विकासखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम सरई पानी, जय सेमर, रघुपुर, बकराताल, जोरी, आमापारा, सपड़ा-भेड़िया आदि पहाड़ी कोरवा बाहुल गांव हैं। विकासखण्ड के अन्य गांवों में निवासरत पहाड़ी कोरवा समुदाय के लोग भी भीषण गर्मी में पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। इन बस्तियों में हैण्डपंप की व्यवस्था नहीं होने के कारण समुदाय के लोग पेयजल एवं निस्तार के लिए ढोढ़ी के पानी पर निर्भर हैं। कहीं हैण्डपंप है भी तो मरम्मत के अभाव में उपयोगहीन पड़ा है।

#### नल-जल योजना का बुरा हाल

विकासखण्ड में जल-जीवन मिशन का बुरा हाल है तथा अधिकांश गांवों में योजना का निर्माण दो वर्षों से अधूरा पड़ा है। कहीं टंकी निर्माण अधूरा है तो कहीं पाइप लाइन का विस्तार नहीं कराया जा सका है। अधिकांश गांवों में पेयजल का स्रोत ही उपलब्ध नहीं है। विकासखण्ड मुख्यालय धौरपुर, कुदर, डूमरडीह में योजना को चालू कर दिया गया है लेकिन कई मुहल्ले, पारा में अभी पानी नहीं पहुंच रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने पूर्व में जनसमस्या निवारण शिविरों में आवेदन भी दिया था लेकिन अभी तक समस्या का निराकरण नहीं किया गया है।

#### ठेकेदार नहीं ले रहे रूचि

ठेकेदार का भुगतान लंबित होने के कारण ठेकेदार अपूर्ण कार्यों को पूरा करने में रूचि नहीं ले रहे हैं। इस संबंध में विभाग द्वारा लगातार पहल की जा रही है।

-मुकेश गुप्ता, सहायक यंत्री, पीएचई



### दर्जनों गांवों के लोगों को आवागमन के लिए मिलेगी बेहतर सुविधा : राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

- 1464 .06 करोड़ रुपये के लागत से बनने वाली चार सड़को का मंत्री ने किया भूमि पूजन

विकास खंड उदयपुर में आवागमन हेतु मंत्री राजेश अग्रवाल की पहल पर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर आवागमन के लिए 1464.06 करोड़ रुपये के लागत से बनने वाले चार प्रधानमंत्री सड़क की सुकृति मिलने एवं कार्य प्रारंभ होने से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। लम्बे समय से ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण सुकृति कि मांग करते आ रहे थे। जिस कारण पीडब्ल्यूडी सड़क से शंकरपुर ,खास पारा, मोर्मी पारा लागत 671.99लाख रुपये, खरसुरा मार्ग से फुलचुहि मार्ग लागत 343.96लाख रुपये, देवटीकरा रकेली से देवगढ़ देवटीकरा खास पारा लागत 220.95लाख रुपये, रिखी से करोधी खुटरा पारा मार्ग 227.16लाख रुपये कुल 14करोड 64 लाख रुपये की सुकृति प्रदान की गई है। जो उदयपुर विकास खंड के लिए बड़ी सौगात मानी जा रही है। स्थानिय विधायक एवं केबिनेट मंत्री द्वारा भूमि पूजन किया गया। मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि लम्बे समय से इस सुदूर ग्रामीण अंचल के लोगों को सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी। ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वीकृति प्रदान की है। सरकार की प्राथमिकता है कि की सुदूर अंचल के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधाएं उपलब्ध कराना ।आवागमन के सुविधा उपलब्ध होने से ग्रामीण क्षेत्र का तेजी से विकास शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आर्थिक विकास की आधार होती है। उन्होंने कहा है कि सुदूर ग्रामीण अंचलों तक सड़क नेटवर्क पहुचने से किसानों, विद्यार्थियों, मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी और स्थानिय अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान होगी। इसके अलावा विधानसभा के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी आने वाले दिनों में सड़कों की सुकृति प्रदान की जाएगी। इस दौरान इस राकेश अग्रवाल, अखण्ड विधायक सिंह, प्रबोध सिंह, विजय यादव, रेवती यादव, अनिमा सिंह, विनोद सिंह, राम सिंह, बांटेश्वर यादव, भगवान यादव, टेक राम यादव, संकुतला कंवर, शिव भजन मरावी, कमलेश जायसवाल, बबलू जायसवाल, विनोद सिंह नेटी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

#### बारिश के दिनों में दर्जनों गांवों के लोगों को होती थी दिक्कत

इन चार महत्वपूर्ण सड़को से दर्जनों गांवों के लोगों का आवागमन होता था। जहां सड़को पर बड़े बड़े गड्ढे बन जाते तथा बारिस के दिनों में पानी भर जाने से लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वर्षो से ग्रामीण क्षेत्रों के लोग इन सड़कों को बनाने की मांग करते आ रहे थे। अब मंत्री की पहल पर ग्रामीणों की वर्षो पुरानी मांग पुरी हुई। जो ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक वरदान माना जा रहा है। सड़क बनने के बाद दर्जनों गांव के लोग को आवागमन की सुविधा का लाभ मिलेगा।

### डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों का 12 वीं बोर्ड परीक्षा में सामान्य प्रदर्शन

**बिश्रामपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2026 का परीक्षा परिणाम 13 मई को घोषित किया गया है, डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर का बारहवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम इस बार सामान्य रहा है। विद्यालय के कुल 95 विद्यार्थी 12 वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए,जिसमें मात्र 3 विद्यार्थी ही 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर पाए हैं, इसमें भी गणित और वाणिज्य संकाय से एक भी विद्यार्थी का नाम 90 प्रतिशत सूची में नाम शामिल नहीं हो पाया है जो कि स्कुल की प्रतिष्ठा के अनुरूप नहीं है, इसके साथ ही 27 विद्यार्थियों ने 80 से 89 प्रतिशत के मध्य, 38 विद्यार्थियों ने 70 से 79 प्रतिशत के मध्य अंक और 17 विद्यार्थियों ने 60 से 69 प्रतिशत के मध्य अंक अर्जित किया है। विद्यालय स्तर पर मान्यता जायसवाल विज्ञान संकाय ने 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम,अंशुमान विशाल कला संकाय ने 95.2 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय और पीयूष अग्रवाल विज्ञान संकाय 91.6 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया,संकाय स्तर पर विज्ञान संकाय बायोलॉजी से मान्यता जायसवाल 97 प्रतिशत अंक प्रथम, पीयूष अग्रवाल 91.6 प्रतिशत अंक द्वितीय तथा जायना नसीम 87.6 प्रतिशत अंक ने तृतीय स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय, गणित से रुद्रप्रताप सिंह 89.6 प्रतिशत अंक प्रथम, रितिका बिजी 89.2 प्रतिशत अंक द्वितीय और अनुष्का सुनील 89 प्रतिशत अंक तृतीय, वाणिज्य संकाय से मैथिली मिश्रा 89.4 प्रतिशत अंक प्रथम, कृष कुमार गोयल 89.2 प्रतिशत अंक द्वितीय एवं साक्षी सिंह 88.8 प्रतिशत अंक तृतीय तथा कला संकाय से अंशुमान विशाल 95.2 प्रतिशत प्रथम रंजना गुप्ता 89.2 प्रतिशत द्वितीय एवं अदिति गोयल 86.8 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मान्यता जायसवाल ने केमिस्ट्री और आईपी विषय में तथा साक्षी जायसवाल ने आईपी विषय में 100 में से 100 अंक अर्जित कर अपनी उच्च शैक्षिक प्रतिभा उजागर की है।प्राचार्य श्रीमती अनामिका भारती ने बारहवीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि बाधाओं से विचलित न होकर उच्च मनोबल के साथ अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए जुट जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों के सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है।



- कुल शामिल हुए 95 विद्यार्थियों में से मात्र 3 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल किये

#### सेंट जेवियर्स स्कूल का 12वीं बोर्ड में शतप्रतिशत रहा परिणाम

**राजपुर।** सेंट जेवियर्स स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा तथा सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। 12वीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय की छात्रा प्राची गुप्ता ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अनन्त कुमार अग्रवाल ने 88.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दीपांशु श्रीवास्तव ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर अपनी जगह बनाई। इसके अलावा आयशा परवीन और संजीत कुजूर ने संयुक्त रूप से 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान हासिल किया। शाना यासीन ने 85.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पांचवां स्थान प्राप्त किया। टॉप टेन में अपनी जगह बनाने वाले अन्य विद्यार्थियों में मोहम्मद शाद आलम ने 82.4 प्रतिशत, स्वेच्छा यादव ने 81.8 प्रतिशत, शिक्षा ठाकुर एवं श्रेया शांडिल्य ने 80.6 प्रतिशत, सिप्रियन केरकेट्टा ने 79.4 प्रतिशत तथा तृप्ति उपाध्याय ने 78.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बना हुआ है। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनके कठिन परिश्रम, शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय के प्रबंधक, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### खेल सुविधाओं और छात्रावास विकास को लेकर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**सूरजपुर।** जिले में अधोसंरचना विकास, गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य, खेल सुविधाओं के विस्तार तथा छात्रावास में बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर ने विभिन्न निर्माणाधीन एवं संचालित परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऑडिटोरियम, डिस्ट्रिक्ट जज आवास सहित निर्माणाधीन ज्यूडिशियल क्वार्टरों का जायजा लिया गया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऑडिटोरियम भवन में पाई गई कमियों पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने मरम्मत कार्य को बेहतर गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माणाधीन ज्यूडिशियल क्वार्टरों को तय समय सीमा में पूर्ण करने को कहा। हाउसिंग बोर्ड अंतर्गत कॉलेज स्टेडियम में निर्माणाधीन सिंथेटिक ट्रैक का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि खेल अधोसंरचना युवाओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, इसलिए कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। कॉलेज स्टेडियम परिसर में आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन ओबीसी कन्या छात्रावास का निरीक्षण करते हुए कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही नमदगिरी 250 सीटर कन्या छात्रावास में उच्च गुणवत्ता वाली निर्माण सामग्री उपयोग करने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि छात्राओं को सुरक्षित और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। निरीक्षण के दौरान शिव पार्क पहुंचकर साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। कलेक्टर ने नगर पालिका एवं वन विभाग को पार्क की नियमित सफाई और निर्मित अधोसंरचना के निरंतर रखरखाव के निर्देश दिए। इसके अलावा पंच मंदिर तालाब का निरीक्षण करते हुए तालाब के सौंदर्यीकरण तथा आसपास के क्षेत्र को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए नगर पालिका को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

### जिले में नुक्कड़ नाटक और एलईडी वैन से किया जा रहा जनजागण

**13 से 15 मई तक किया जा रहा जागरूकता कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के व्यापक प्रचार-प्रसार और जनसामान्य को जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में विशेष जन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके लिए नुक्कड़ नाटक और एलईडी वैन के माध्यम से 13 से 15 मई तक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसके माध्यम से नागरिकों तक जनगणना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां पहुंचाई जा रही हैं।



अभियान के प्रथम दिवस 13 मई को नगर पंचायत प्रेमनगर, तहसील प्रेमनगर, तहसील रामानुजनगर तथा नगर पंचायत परिषद एवं तहसील क्षेत्र के साप्ताहिक हाट-बाजारों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर एलईडी वैन एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ऑडियो-विजुअल प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रेमनगर साप्ताहिक बाजार, रामानुजनगर बाजार, पुराना बस स्टैंड सूरजपुर सहित विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लोगों को जनगणना के महत्व, उसके सामाजिक एवं विकासात्मक लाभों की जानकारी दी गई। साथ ही नागरिकों से कहा कि वे जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें और शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करें। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने रोचक एवं प्रभावी प्रस्तुति देकर लोगों को जनगणना की आवश्यकता और उसकी उपयोगिता से अवगत कराया। इस जनजागरूकता अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को जनगणना प्रक्रिया से जोड़ना और उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

### 14 वर्षों संघर्ष के बाद सेवानिवृत्त कोल कर्मी को मिला न्याय

**बिश्रामपुर।** संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक) के नेतृत्व में लड़ी गई एक लंबी कानूनी और संगठनात्मक लड़ाई का सुखद नतीजा निकला,रेहर भूमिगत खदान के सेवानिवृत्त कर्मचारी श्री सुबरन राम, जिनकी पेंशन पिछले 14 वर्षों से रुकी हुई थी, उन्हें विभाग द्वारा न्याय प्रदान कर दिया गया है। गौरतलब है कि कोल कर्मी सुबरन राम सितम्बर 2011 को सेवानिवृत्त हुए थे, लेकिन मार्च 2012 के बाद से उनकी पेंशन अचानक बंद कर दी गई थी। इस मुद्दे को लेकर एटक संघ ने कड़ा रुख अख्तियार किया था। कर्मचारी द्वारा सपरिवार 14 मई 2026 से महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रस्तावित 'आमरण अनशन' की सूचना देने के बाद प्रबंधन और विभाग ने त्वरित कार्रवाई की। सीएमपीएफ जबलपुर द्वारा 12 मई 2026 को पेंशन डेटा का माइग्रेशन और सेटलमेंट पूर्ण कर पूर्व कोल कर्मी सुबरन राम के खाते में 7,34,784/- रुपये की एरियर राशि का भुगतान कर दिया गया एवं उनकी मासिक पेंशन 5,696/- रुपये तत्काल प्रभाव से बहाल कर दी गई है।10 मई को सहायक आयुक्त सीएमपीएफ जबलपुर ने महाप्रबंधक बिश्रामपुर को पत्र लिखकर सेवानिवृत्त कोल कर्मी के बैंक डाटा माइग्रेट नहीं होने के कारण से पेंशन रुक जाने की जानकारी दी थी।

### तेज आंधी और बारिश से दर्जनो गांवो में जनजीवन प्रभावित



**डांड़गांव।** विकास खंड उदयपुर के गुमगा, डाँड़ गांव, परसा, साल्हि,बासेन, घाटबर्रा सहित दर्जनों गांवों में दोपहर बाद करीब 4बजे अचानक बिजली चमक के साथ काफी तेज तूफान एवं बारिश होने के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। क्षेत्र के कई गांव में रास्ते में बड़े बड़े पेड़ तेज हवा के कारण उखड़ कर गिर गए।

जबकि कुछ स्थानों में पेड़ व विद्युत पोल मकान पर गिरने से मकान का कुछ हिस्सा क्षति ग्रस्त हो गए। लगभग आधे घंटे से भी अधिक देर तक तेज आंधी तूफान से लोग सहम गए। इधर परसा ,साल्हि कोटरखुड़ा गुमगा मार्ग पर पेड़ गिरने के कारण आवागमन बाधित हुआ है। इधर इस बार ग्रामीण क्षेत्रों में आम का बंफर उत्पादन हुआ था लेकिन तेज तूफान के कारण पूरी तरह से चौपट हो गया है। इसके अलावा सब्जी के फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। तेज तूफान के कारण जगह जगह तार एवं बिजली खम्भे में पेड़ गिरने के कारण दर्जनों गांवों में पूरी तरह से अंधेरा छाया हुआ है।जिससे लोग परेशान हैं।बिजली विभाग सुधार कार्य में लगा है।



# पैरा क्रिकेटर आमिर पर बनेगी बायोपिक, निशिल करेंगे निर्देशन

**मुंबई।** जम्मू-कश्मीर पैरा क्रिकेट टीम के कप्तान आमिर हुसैन लोन अपनी जबरदस्त काबिलियत के लिए जाने जाते हैं। वह उन युवाओं के लिए प्रेरणा हैं जो छोटी-छोटी बातों पर मायूस हो जाते हैं।

आमिर के दोनों हाथ नहीं हैं। वह गर्दन और कंधे में बैट फंसा कर बैटिंग करते हैं। वह पैरों से गेंदबाजी करते हैं। उनकी जिंदगी पर एक फीचर फिल्म बनने वाली है। कान फिल्म फेस्टिवल में इसका ऐलान हुआ है। इस अपकमिंग फिल्म का निर्देशन निशिल शेठ करेंगे। वह भारतीय लेखक और निर्देशक हैं। उनकी पहली फीचर फिल्म 'भस्मासुर' का प्रीमियर अंतरराष्ट्रीय फेस्टिवल सर्किट में हुआ था। इस फिल्म को कई प्रतियोगिताओं में पुरस्कार मिले थे।

## लाइफ Style

# तारा
## काले चश्मे ने जड़ दिए चार चांद

कान फिल्म फेस्टिवल 2026 में तारा सुतारिया ने पहले लुक से सबका ध्यान खींचा था। अब उन्होंने एक और खूबसूरत लुक के साथ वापसी की है। इस बार उन्होंने भारी-भरकम गाउन की जगह सरल और एलिगेंट स्टाइल चुना, जिसमें वह बेहद हसीन दिख रही हैं।

एजेंसी ▸▸| मुंबई

तारा ने यह ब्लैक ड्रेस लुक 'रेड सी वुमन इन सिनेमा' के कार्यक्रम के लिए लिया है। रोमानियाई डिजाइनर रिया कोस्टा की इस ड्रेस को तान्या घावरी ने स्टाइल किया है। तारा ने ब्लैक ड्रेस में डलीला नाम का ऑफ-शोल्डर कॉर्सेट टॉप पहना है, जो शरीर पर अच्छे से फिट बैठता है। इसके साथ मैचिंग काली मिडी स्कर्ट है, जिसमें हल्की प्लेट्स और पीछे छोटी सी स्लिट बनी है। तारा का यह पूरा लुक क्लासिक काले रंग का है, जो न ज्यादा भड़कीला है और न ही पुराना लगता है। जो बहुत महंगा और स्टाइलिश दिखता है। कान जैसे बड़े फेस्टिवल में जहां भारी गाउंस हर तरफ दिखते हैं, तारा का यह एलिगेंट और ताजा लुक अलग और खास है। एक्सेसरीज की बात करें तो तारा ने विंटेज शनेल इयररिंग्स के साथ सेंट लॉरेंट के काले सनग्लासेस पहने हैं। इसके साथ तारा ने जिमी चू हील्स से अपने लुक को और भी इनहैंस किया है। तारा सुतारिया ने ज्यादा गहने नहीं पहने। हल्का मेकअप, तरोताजा चेहरा और सुंदर बालों के साथ उन्होंने अपने पूरे लुक को परफेक्ट बनाया है। तारा ने इस लुक से साबित कर दिया कि रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरने के लिए भारी गाउन की जरूरत नहीं है।



## हॉलीवुड मसाला



# विन का मस्ती भरा अंदाज

**पेरिस।** द फास्ट एंड द फ्यूरियस की स्टार कास्ट कान फेस्टिवल में अपनी फिल्म का प्रमोशन करने पहुंची थी। फिल्म की स्क्रीनिंग से पहले रेड कारपेट पर स्टार कास्ट का मस्ती भरा अंदाज भी दिखा। विन डीजल ने तो महफिल ही लूट ली। फिल्म की स्क्रीनिंग से पहले इनका मस्ती भरा अंदाज भी देखने को मिला। विन डीजल फिल्म 'द फास्ट एंड द फ्यूरियस' के लीड एक्टर हैं। इस फ्रैंचाइज फिल्म का वह अहम हिस्सा हैं। कान फिल्म फेस्टिवल में वह सबसे ज्यादा मस्ती करते दिखे।



# फीफा विश्व कप में शकीरा-मैडोना और बीटीएस करेंगे परफॉर्म

**लॉस एंजिल्स।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में दर्शकों को खेल के साथ-साथ फुल एंटरटेनमेंट भी मिलने वाला है। क्योंकि, फाइनल में एक नहीं बल्कि कई इंटरनेशनल स्टार्स की परफॉर्मेंस देखने को मिलेगी। टूर्नामेंट के पहले हाफटाइम शो में मैडोना, शकीरा और बीटीएस के कलाकार परफॉर्म करते नजर आएंगे। इन कलाकारों के नाम आज घोषित कर दिए गए हैं। ग्लोबल सिटिजन ने इस बारे में घोषणा करते हुए बताया कि मैडोना, शकीरा और बीटीएस के आर्टिस्ट 19 जुलाई को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में होने वाले विश्व कप फाइनल में परफॉर्म करेंगे। बिलबोर्ड के अनुसार, हाफटाइम शो लगभग 11 मिनट का होगा। यह घोषणा एक मजेदार सोशल मीडिया वीडियो के जरिए की गई, जिसमें कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन के साथ एल्मो, कुकी मॉन्स्टर, करमिट और मिस पिग्गी जैसे पॉपुलर किरदार नजर आए।



# राकेश ने कहा, अब मेरा चालान मत काटना


**मुंबई।** धुरंधर और धुरंधर 2 के बाद से ही राकेश बेदी इंटरनेट पर सबके फेवरेट बने घूम रहे हैं। हालांकि, इस वक्त वो सिर्फ अपनी एक्टिंग के लिए नहीं बल्कि एक वीडियो को लेकर चर्चा में हैं। दिग्गज एक्टर का एक मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर छाया है, जिसमें उन्हें ट्रैफिक पुलिस के कुछ अधिकारियों ने पहचान लिया है और वे फिल्म 'धुरंधर' में उनके किरदार से याद कर रहे थे। हमेशा की तरह अपने जाने-पहचाने अंदाज में बेदी ने जरा भी हिचकिचाए बिना तुरंत अपने स्वाभाविक मजाकिया अंदाज में कहा, 'अब चालान मत काट देना।' यूट्यूब शो 'द बॉम्बे जर्नी' के नए एपिसोड के एक क्लिप में राकेश बेदी नज़र आ रहे हैं। कैप्शन में लिखा था, 'ऐसा रोज-रोज नहीं होता कि आप ट्रैफिक पुलिस को फैनबॉय बनते हुए देखें!'



# किंग से लीक हुआ अभिषेक का धांसू लुक

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की मच अवेटेड फिल्म किंग अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। फिल्म से शाहरुख खान का लुक पिछले साल मेकर्स ने जारी किया था। इसके बाद बीते दिनों शूटिंग के दौरान के फोटो-वीडियो सामने आए थे, जहां शाहरुख के साथ दीपिका नजर आई थीं। अब फिल्म से अभिषेक बच्चन का लुक ऑनलाइन लीक हो गया है। अब ये लुक सोशल मीडिया पर वायरल है। फिल्म को लेकर सामने आई रहीं चर्चाओं के मुताबिक, अभिषेक किंग में विलेन के रूप में नजर आएंगे। ऑनलाइन लीक हुए लुक में भी उनका खतरनाक अंदाज देखने को मिल रहा है। वायरल हो रही फोटो में अभिषेक बच्चन एक गाड़ी के ऊपर खड़े नजर आ रहे हैं। उनके हाथों में शॉटगन है।

## टीवी मसाला



# छोटे पर्दे पर काम नहीं करना चाहते थे सचिन, 'तू तू, मैं मैं' सीरियल ने बदली सोच

**नई दिल्ली।** हिंदी और मराठी फिल्मों में पिछले कई दशक से सक्रिय अभिनेता सचिन पिलगांवकर ने यूं तो टीवी में प्रतिशोध, तू तोता मैं मैना समेत कई धारावाहिकों में काम किया है। साथ ही कई धारावाहिकों का निर्देशन भी किया है। हालांकि, एक समय था, जब वह टीवी को निचले स्तर का काम समझते थे। उनका सोच बदला धारावाहिक तू तू,मैं मैं की सफलता के बाद। इस बारे में सचिन कहते हैं- मेरे एक दोस्त हैं, श्रेय गुलेरी। उन्होंने मुझसे कहा कि तुम हमारे लिए धारावाहिक बनाओ। उस समय मैं टीवी माध्यम को थोड़ा निचले स्तर का देखता था, जो कि गलत था। मैंने उनसे कहा कि नहीं यार, टीवी में काम नहीं करना है। मैं फिल्मों में काम करने वाला आदमी हूं, वहीं रहने दो। उन्होंने छह महीने मेरा पीछा नहीं छोड़ा। उनके बार-बार कहने पर मैंने उनके साथ मीटिंग की। तब उन्होंने बताया कि वह बड़े स्तर पर फतांसी धारावाहिक बनाना चाहते हैं। उनके प्रोडक्शन में बना धारावाहिक चंद्रकांता इससे पहले दूरदर्शन पर सुपरहिट हो चुका था। लेखक संजीव कपूर ने कुछ दिनों पहले मुझे सास बहू की एक कहानी सुनाई थी, उसका नाम भी उन्होंने सास बहू ही रखा था।

## आप स्टार कहां हैं..डैडी हैं : कश्मीरा

**मुंबई।** सब कुछ बच्चों के हिसाब से होता है। मां बनने के बाद अभिनेत्री कश्मीरा शाह के लिए जिंदगी कैमरे तक सीमित नहीं रही। उनका हर फैसला बच्चों के आसपास घूमता है। मां बनने के बाद कश्मीरा ने छह साल तक काम से दूरी बनाई थी, लेकिन फिर उन्हें समझ आया कि कामकाजी मां होना जरूरी है। वह कहती हैं कि भले ही कामकाजी महिला को मॉम गिल्ट होता है, मुझे भी है, लेकिन यह अपनी पहचान खोने से बेहतर है। मैंने और कृष्णा (अभिषेक) ने तय किया था कि जब वह काम करेंगे तो मैं नहीं करूंगी, जब मैं करूंगी तो वो घर पर रहेंगे। कृष्णा को मुझसे ज्यादा काम मिल रहा था, मैं बच्चों की परवरिश के लिए कई कामों को मना कर रही थी, लेकिन फिर एक दिन वास्तविकता से सामना हुआ। मैं स्क्वाश खेलकर आई थी, स्पोर्ट्स के कपड़ों में थी। मेरी बिल्डिंग की पार्किंग में कई बार कारपेंटर अपना सामान रख देते हैं। कुछ वर्कर्स मुझे घूर रहे थे। मेरे छोटे बेटे को गुस्सा आया। मैं उससे यह नहीं कह सकती थी कि मैंने शॉर्ट ड्रेस पहनी है, इसलिए शायद वे मुझे देख रहे होंगे। मैंने कहा कि आपकी मां स्टार हैं, इसलिए देख रहे हैं। बेटे ने कहा कि आप स्टार कहां हैं वो तो डैडी हैं।


# कैलोरी के लिए अनुपम को मिला बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड



**मुंबई।** अनुपम खेर ने कनाडाई-भारतीय फिल्म 'कैलोरी' में बेहतरीन अभिनय किया है। फिल्म में शानदार काम के लिए अनुपम को यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल 2026 की ओर से बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का फ्लेम अवॉर्ड मिला है। इस फिल्म की डायरेक्टर ईशा मरजारा हैं। फिल्म को फेस्टिवल में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड भी मिला है। अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर यह जानकारी शेयर करते हुए लिखा कि 'कैलोरी' में उनका यह रोल उनके करियर की सबसे ज्यादा इमोशनल और मुश्किल परफॉर्मेंस में से एक था। उन्होंने बताया कि यह किरदार असल जिंदगी की कहानियों से प्रेरित था, इसलिए यह उनके लिए बहुत चुनौती भरा और थकाने वाला अनुभव रहा। अनुपम खेर ने आगे लिखा, 'दशकों तक इंडस्ट्री में काम करने के बाद विदेशी फिल्म के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर तारीफ मिलना बहुत अच्छा लगता है।' इसके साथ ही उन्होंने फिल्म की पूरी टीम को बधाई दी, खासकर डायरेक्टर ईशा मरजारा और प्रोड्यूसर जो ब्लास को। साथ ही फेस्टिवल की जूरी को भी धन्यवाद कहा। अनुपम को यह सम्मान मिसने की खुशी में कई फिल्मी हस्तियों ने उन्हें बधाई दी है। नीना गुप्ता ने कमेंट में लिखा, 'बधाई हो', अशोक पंडित ने लिखा, 'तहे दिल से बधाई हो खेर साहब।' अनुपम खेर 15 और 16 मई को मुंबई के टाटा थिएटर में अपने नाटक 'जाने पहचाने अनजाने' के साथ स्टेज पर वापसी करने वाले हैं।

# रामायण की रिलीज से पहले रणबीर ने अयोध्या में खरीदी जमीन

**मुंबई।** रणबीर कपूर अब फिल्म रामायण में नजर आने वाले हैं। फिल्म में रणबीर, भगवान राम का किरदार निभाने वाले हैं। अब इस फिल्म की रिलीज के बीच एक्टर को लेकर एक ऐसी खबर सामने आई है जो काफी चर्चा में है। रणबीर ने अयोध्या में द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा के एक प्रीमियम रियल एस्टेट प्रोजेक्ट 'द सरयू' में जमीन खरीदी है। इस डील की कीमत लगभग 3.31 करोड़ है। डेवलपर ने बताया कि यह जमीन 2,134 वर्ग फीट की है और यह शहर लग्जरी ब्रांडेड प्लॉटेड डेवलपमेंट की बढ़ती मांग को दिखाता है। यह पूरा प्रोजेक्ट सरयू नदी के किनारे स्थित 75 एकड़ का प्रोजेक्ट है। इसे The Sarayu by HoABL नाम दिया गया है। इसमें एक क्लबहाउस, 35 से ज्यादा लाइफस्टाइल सुविधाएं और पांच एकड़ में फैला शाकाहारी लग्जरी होटल होगा। इसको द लीला चलाएगा। रणबीर कपूर ने कहा, 'मेरा मानना है कि अयोध्या ने मुझे चुना है और मैंने बस इसका जवाब दिया है। अयोध्या हमारे इतिहास में गहराई से बसा हुआ है और हमारी सांस्कृतिक ताने-बाने का एक अहम हिस्सा है।



# 56 सालों से रूठे सजन को मना रहा लता का गाना, आज भी कल्ट है आशा का सॉन्ग

**नई दिल्ली।** आशा पारेख हिंदी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक मानी जाती हैं। अपने सुनहरे एक्टिंग कॅरियर में उन्होंने कई शानदार मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। उनकी इन फिल्मों के कई गाने ऐसे हैं, जो आज के दौर में भी चर्चित रहते हैं। ऐसे ही एक गीत के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं, जिसे 56 साल पहले लता मंगेशकर ने अपनी मधुर आवाज में गाया था। अभिनेत्री आशा पारेख के जिस गाने के बारे में इस लेख में जिक्र किया जा रहा है, वह 1970 में आई फिल्म आन मिलो सजना से नाता रखता है। इस मूवी में राजेश खन्ना और विनोद खन्ना जैसे कलाकारों ने भी अहम भूमिका को निभाया था। आन मिलो सजना उस दौर की सबसे सफल मूवीज में शुमार हुई थी। जिसका एक बड़ा कारण मूवी का तेरे कारण मेरे साजन रोमांटिक गाना बना था। तेरे कारण मेरे साजन... गीत को सुरों की कोकिला लता मंगेशकर ने अपनी आवाज दी थी और आज रिलीज के 56 साल बाद भी उनका ये सॉन्ग कल्ट माना जाता है। श्रोता इसे सुनना पसंद करते हैं और इस वजह ये हर किसी का फेवरेट भी माना जाता है।



## आज फिल्मों और सीरीज का लगेगा मेला, मनोरंजन का मिलेगा डोज

# सिनेमाहॉल में 2 और ओटीटी पर 7 धांसू सीरीज-फिल्मों का होगा कब्जा

*हर शुक्रवार को फिल्ममेकर्स की धड़कने बढ़ी रहती हैं। सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म तक पर हर फ्राइडे को कोई न कोई ऐसी फिल्म या सीरीज रिलीज होती है, जो दर्शकों को वीकेंड पर बोर होने का मौका नहीं देती। हम अब मई के महीने के तीसरे शुक्रवार में कदम रख रहे हैं और इस वीक न सिर्फ सिनेमाघरों में बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं, बल्कि ओटीटी पर भी सस्पेंस से भरपूर फिल्में और सीरीज मिलने वाली हैं...*




### इंस्पेक्टर अविनाश सीजन 2

जियो हॉटस्टार एक बार फिर से फीयरलेस पुलिस ऑफिसर की दमदार कहानी के सीजन 2 क साथ लौट रहा है। इंस्पेक्टर अविनाश का दूसरा सीजन रिलीज के लिए बिल्कुल तैयार है, जिसमें रणदीप हुड्डा एक बार फिर से अविनाश मिश्रा का दमदार किरदार निभाते हुए दिखाई देंगे। इस बार अविनाश एक राजनीतिक षड्यंत्र का शिकार होगा। रिलीज डेट- 15 मई, प्लेटफॉर्म- जियो हॉटस्टार ,जॉनर- क्राइम थ्रिलर।

### बर्लिन एंड द लेडी विद एन एरमाइन

स्पेनिश क्राइम थ्रिलर बर्लिन के दूसरे सीजन में एक बार फिर से पेड्रो अलोंसो अपने करिश्माई मास्टरमाइंड अवतार में दिखाई देंगी। यह मनी हाइस्ट का प्रीक्वल है। इस बार, बर्लिन लियोनार्डो दा विंची की प्रसिद्ध कृति 'द लेडी विद एन एरमाइन' को चुराने की तैयारी में है। हालांकि, यह चोरी उसे उसके असली मिशन से भटकाने वाली है। रिलीज डेट- 15 मई, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- क्राइम थ्रिलर।

### पति-पत्नी और वो दो

एक नहीं दो नहीं, इस बार पति प्रजापति की मुसीबत तीन गुना ज्यादा बढ़ने वाली है, क्योंकि इस बार अपनी पत्नी के अलावा दो और खूबसूरत लड़कियों के चक्कर में फंसने वाला है। आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी, सारा अली खान और रकुल प्रीत सिंह मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे।

### एग्जाम

एग्जाम एक इंटेंस क्राइम ड्रामा सीरीज है, जिसकी कहानी एक यंग लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक बड़े रीजनल पब्लिक सर्विस एग्जाम स्कैम का भांडा फोड़ने के लिए पुलिस ऑफिसर होने का नाटक करती है।

### कर्तव्य

सैफ अली खान नेटफ्लिक्स पर एक नई दिलचस्प क्राइम थ्रिलर फिल्म के साथ लौट रहे हैं। कहानी एक ऐसे पुलिस ऑफिसर की है, जिसकी ड्यूटी में एक बड़े हाई-प्रोफाइल जर्नलिस्ट की मौत हो जाती है। जब पवन मलिक का किरदार निभाने वाले सैफ अली खान इस केस की जड़ तक जाते हैं, तो उसके सामने यह खुलासा होता है कि इस बड़े षड्यंत्र से कोई शक्तिशाली धर्म गुरु जुड़ी हुई हैं।

### इट्स नॉट लाइक दैट

आठ एपिसोड की इस सीरीज में परिवार, दुःख और दूसरे मौके की जटिलताओं को बड़ी ही गहराई से दर्शाया जाएगा। मैल्कम एक विधवा महिला हैं, जिन्होंने तीन बच्चों को अकेले पाला-पोसा है। लॉरी, जिसका अभी-अभी तलाक हुआ है और वह दो किशोरी बच्चों की मां है। कैसे सिंगल पैरेंट होने की वजह से उन्हें जिंदगी में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, यही इसमें दिखाया जाएगा।

### द क्रैश

नेटफ्लिक्स की ओरिजिनल क्राइम डॉक्यूमेंट्री सीरीज में मैकेंजी शिरिला केस से जुड़े कई शॉकिंग खुलासे होने वाले हैं। जहां ये पता चलेगा कि कार दुर्घटना एक सोची समझी साजिश है। इस डॉक्यूमेंट्री सीरीज में यह पता चलेगा कि कैसे पूरी प्लानिंग करके शिरिला ने जानबूझकर अपनी कार को दीवार से टकरा दिया।

## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार , 16 मई को जामटोली और कुनकुरी में लगेगा

**जशपुरनगर।** 16 मई को जशपुर जनपद के ग्राम जामटोली और नगर पंचायत कुनकुरी में शिविर लगाए जाएंगे। जामटोली शिविर में जामटोली, बडाबनाई, जुरतेला, पुत्रीचौरा, पिलखी, साईटागरटोली, पोड़ी, लोदाम, बाम्हनपुरा, चौलीटांगरटोली, पोरतेंगा, झोलंगा, जकबा, लोखण्डी के ग्रामीण अपनी समस्याओं के आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। कुनकुरी शिविर में नगर पंचायत कुनकुरी के वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक के नागरिक शिविर का लाभ ले सकेंगे। पूर्व में यह शिविर 11 मई को रखा गया था जिससे संशोधित करके 16 मई को शिविर रखा गया है।

### चक्रधर सा की पुत्री के विवाह में शामिल हुए पूर्व मंत्री



**पुसौर।** ग्राम बोंदा में आयोजित एक विवाह कार्यक्रम में पूर्व मंत्री उमेश पटेल अपने टीम के साथ शामिल हुए और आशीर्वाद दिया। ज्ञात हो कि उक्त विवाह वरिष्ठ कांग्रेसी चक्रधर सा के सुपुत्री गीता सा का रहा जिसमें पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, ब्लाक अध्यक्ष नरेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, खीरसागर पाईक, जीतेन्द्र गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बताया जाता है कि खरसिया विधान सभा क्षेत्र के किसी के भी परिवार में कोई उत्सव अथवा अप्रिय घटनाए होती है तो उसके यहां पहुंचने का रिवाज नंदेली हाउस दशकों से पहुंच रहा है और वहां के आवश्यकता को देखते हुए यथोचित सहयोग भी करता रहा है। जमीन से जुड़े हुए नेता कहने से एक निर्विवाद छवि स्व. नंद कुमार पटेल का नाम आता है जिनके पद चिन्हों पर पूर्व मंत्री व विधायक उमेश पटेल सहर्ष चलते आ रहे हैं।

### कसेरा भवन में जन समस्या निवारण शिविर

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर द्वारा जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन नगर के अलग अलग वार्डो में किया जा रहा है। बीते बुधवार को पुसौर के बाजार रोड में स्थित कसेरा भवन में कई वार्डो का एक साथ यह शिविर का आयोजन हुआ। उक्त शिविर में नगरीय अमला के बीच कनिष्ठ अभियंता एसके दुबे भी पहुंचे जो विद्युत विभाग से जुड़े आवेदनों को एकत्र कर रहे थे। उक्त शिविर में अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पूर्व नगर उपाध्यक्ष मोहित सतपथी, नोडल अधिकारी संदीप पटेल, पीएम आवास के कर्मचारी सहित अन्य नगर पंचायत के स्टाफ मौजुद रहे। शिविर में मूलतः पीएम आवास, वृद्धा पेंशन तथा कुछ राजस्व से जुडे आवेदन प्रस्तुत हुए। शिविर को लेकर मोहित सतपथी ने कहा कि व्यस्ततावश जो शिविर में नहीं आ पाए हैं वो नगर पंचायत कार्यालय में भी अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नोडल अधिकारी के मुताबिक उक्त शिविर में 30 आवेदन प्राप्त हुए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### तीन ओर पहाड़...

ग्रामीणों ने बताया कि रनपुर से जुड़ने वाली कच्ची सड़क के बीच पुल नहीं होने के कारण बारिश के मौसम में गांव का संपर्क पूरी तरह टूट जाता है। इस पर कलेक्टर ने स्वयं स्थल निरीक्षण कर पुल निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजने का आश्वासन दिया, जिससे भविष्य में आवागमन की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा।

### श्री जगन्नाथ मंदिर...

सहित ओडिशा एवं झारखंड राज्य के प्रसिद्ध कीर्तन गायकों एवं मंडलियों का भव्य समागम हो रहा है। संगीतमय हरिनाम संकीर्तन, मृदंग, झांझ एवं भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है। दूर-दूर से श्रद्धालु महायज्ञ एवं हरि कीर्तन में शामिल होने दोकड़ा पहुंच रहे हैं।

---

### कलेक्टर ने जशपुर, चराईडांड, बेमताटोली, गिनाबहार का किया दौरा, निर्माण कार्यों की प्रगति का लिया जायजा

# जिले में स्वास्थ्य अधोसंरचना को मिलेगी नई मजबूती

**क्रिटिकल केयर यूनिट, सिविल अस्पताल, नर्सिंग व फिजियोथैरेपी कॉलेज सहित कई परियोजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने विगत दिवस जिले में निर्माणाधीन विभिन्न महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परियोजनाओं का निरीक्षण कर उनकी प्रगति का जायजा लिया। साथ ही कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों एवं कार्य एजेंसियों को स्पष्ट किया कि सभी परियोजनाएं आमजन की सुविधा से जुड़ी हैं, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सीजीएमएससी निर्माण एजेंसी के देखरेख में निर्मित किए जा रहे इन कार्यों तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदार प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**नेचुरोपैथी सेंटर कार्य में देरी पर जताई नाराजगी-** निरीक्षण के अगले चरण में कलेक्टर श्री व्यास ग्राम बेमताटोली पहुंचे। जहां उन्होंने आयुष विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन नेचुरोपैथी सेंटर का अवलोकन किया। कार्य की धीमी प्रगति पर उन्होंने संबंधित ठेकेदार पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि अनावश्यक विलंब की स्थिति में अनुबंध समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने फाउंडेशन कार्य को शीघ्र पूर्ण करने तथा निर्माण कार्यों की साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही जीपीएस टैग के साथ फोटोग्राफ साझा करने को भी कहा।





### 50 बिस्तर के क्रिटिकल केयर यूनिट का निरीक्षण

कलेक्टर श्री व्यास ने सबसे पहले जशपुर नगर में कल्याण आश्रम के समीप लगभग 23 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन 50 बिस्तर के क्रिटिकल केयर यूनिट का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल के रजिस्ट्रेशन एरिया, वेटिंग हॉल सहित भूतल एवं प्रथम तल के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण करते हुए ड्राइंग-डिजाइन के अनुसार कार्यों की गुणवत्ता की समीक्षा की। साथ ही परिसर में व्यवस्थित पार्किंग, छायादार वृक्षारोपण एवं अस्पताल सेटअप में उपलब्ध होने वाले आवश्यक स्वास्थ्य उपकरणों की जानकारी लेते हुए सिविल वर्क को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। यह यूनिट तैयार होने के बाद जिले में गंभीर मरीजों के उपचार की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराएगा। जिससे लोगों को जिले में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

### कंडोरा में फिजियोथैरेपी कॉलेज की तैयारियों की समीक्षा

कलेक्टर ने ग्राम कंडोरा में संचालित होने वाले फिजियोथैरेपी कॉलेज की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने कॉलेज के भू तल, प्रथम एवं द्वितीय तल, प्राचार्य कक्ष सहित सभी कक्षों का निरीक्षण किया। क्लास संचालन के लिए अभी तक किए गए व्यवस्थाओं एवं संसाधनों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सत्र प्रारंभ होने से पूर्व बिजली, पानी, शौचालय सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाएं। साथ ही परिसर में स्थित कुएं की साफ-सफाई कराने के भी निर्देश दिए।

### चराईडांड में 220 बिस्तर अस्पताल व नर्सिंग कॉलेज निर्माण

कलेक्टर श्री व्यास ने ग्राम चराईडांड में 36 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे 220 बिस्तर के सिविल अस्पताल का भी निरीक्षण किया। वर्तमान में अस्पताल निर्माण अंतर्गत फाउंडेशन कार्य प्रगति पर है, जिस पर उन्होंने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्य में श्रमिकों की संख्या बढ़ाने को कहा, जिससे कार्य को जल्द पूर्ण करने में आसानी हो। यह अस्पताल कुनकुरी, पत्थलगांव, बगीचा एवं अन्य दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके निर्माण हो जाने से लोगों को एक ही जगह पर सर्व सुविधायुक्त स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया होगी।

### गिनाबहार में एमसीएच यूनिट व बीपीएचयू का भी निरीक्षण

कलेक्टर श्री व्यास ने निरीक्षण के दौरान ग्राम गिनाबहार में निर्माणाधीन 50 बिस्तर के एमसीएच( मातृ शिशु स्वास्थ्य यूनिट) तथा बीपीएचयू (ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट) अंतर्गत लैब निर्माण का भी अवलोकन किया। उन्होंने कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता बनाए रखते हुए समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। ये सभी निर्माण कार्य सीजीएमएससी एजेंसी द्वारा कराए जा रहे हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण हो सके और जिलेवासियों को बेहतर स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकें।

---

# माटी कला बोर्ड अध्यक्ष और कलेक्टर ने शिक्षा स्वास्थ्य और बाजार व्यवस्था का किया निरीक्षण

**संस्थागत प्रसव बढ़ाने और मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निर्देश**

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती एवं कलेक्टर रोहित व्यास ने गुरुवार को ग्राम रनपुर का भ्रमण कर विभिन्न शासकीय संस्थाओं एवं सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार व्यवस्था एवं स्वच्छता से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं ग्रामीणों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि ग्राम स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं बाजार व्यवस्था को मजबूत करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे विकास कार्यों में सहयोग करें और गांव को व्यवस्थित एवं स्वच्छ बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। निरीक्षण के दौरान गांव के सरपंच, एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**स्कूल परिसर में अतिक्रमण हटाने पर जोर** कलेक्टर ने सबसे पहले रनपुर में हाई स्कूल परिसर का अवलोकन किया, जहां उन्होंने बाउंड्री वाल निर्माण के लिए अतिक्रमण हटाने के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर का सीमांकन कर पर्याप्त भूमि सुरक्षित की जाए, ताकि बच्चों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं खेल मैदान उपलब्ध हो सके। इससे विद्यार्थियों का भविष्य बेहतर होगा और उन्हें समुचित सुविधाएं मिल सकेंगी।





### पशु औषधालय एवं आयुर्वेदिक केंद्र का निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गांव में स्थित पशु औषधालय का भी जायजा लिया। जहां उन्होंने पशु उपचार, औषधि वितरण, टीकाकरण एवं बधियाकरण की जानकारी ली। उन्होंने स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस प्रणाली शुरू करने के निर्देश दिए। इसके बाद आयुर्वेद औषधालय का निरीक्षण करते हुए उन्होंने ओपीडी, दवा उपलब्धता एवं स्टाफ उपस्थिति की जानकारी ली और नियमित सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा

कलेक्टर ने रनपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी, आईपीडी, मासिक प्रसव प्रकरण, दवा वितरण, उपलब्ध उपकरण, स्टोर रूम, पीएनसी कक्ष एवं पुरुष-महिला वार्ड का अवलोकन किया। उन्होंने संस्थागत प्रसव दर बढ़ाने पर जोर देते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी बातचीत कर उनके हालचाल जाना और उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने चिकित्सकों को निर्देशित किया कि वे अस्पताल परिसर में ही निवास कर गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ अपनी सेवाएं प्रदान करें, ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके।

### बाजारडांड का निरीक्षण, अतिक्रमण हटाने के निर्देश

इसके पश्चात कलेक्टर श्री व्यास ने गांव के बाजारडांड का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने बताया कि अतिक्रमण के कारण बाजार क्षेत्र संकरा हो गया है, जिससे आवागमन एवं व्यापार में समस्या होती है। इस पर कलेक्टर ने ग्राम पंचायत को आपसी सहमति से अतिक्रमण हटाने की पहल करने को कहा। उन्होंने सुझाव दिया कि गांव के हित में सामंजस्य बनाकर बाजार क्षेत्र का व्यवस्थित विकास किया जाए। कलेक्टर ने सामुदायिक शौचालय की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने, बाजार परिसर को स्वच्छ रखने तथा पंचायत द्वारा निर्मित दुकानों का मासिक किराया नियमित रूप से वसूलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस आय का उपयोग पंचायत के विकास कार्यों में किया जा सकता है। साथ ही एसडीएम को बाजार क्षेत्र का सीमांकन कर निर्धारित क्षेत्र चिन्हित करने के निर्देश दिए, जिससे बाजार लगाने के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध हो सके।

---

# प्रशासन का मुंह ताकने के बजाय चंदा कर किया तालाब गहरीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर



पुसौर तहसील क्षेत्र के ग्राम टिनमिनी के चौहान मोहल्ला में स्थित छप्पर ढोढ़ा तालाब का आपसी चंदा के जरिए गहरीकरण करने की पहल की गई है। जिसका भूमि पूजन पूर्व जिला पंचायत सदस्य आकाश मिश्रा द्वारा किया गया।

जानकारी के मुताबिक उक्त तालाब से मोहल्ले के लगभग 70-80 परिवारों का निस्तार चलता है। उक्त तालाब को मोहल्ले के लोग ही लगभग 30 वर्ष पूर्व श्रमदान से निर्माण किया था। मोहल्ले वासियों के अनुसार उक्त तालाब के गहरीकरण के लिए मांग रखी गई थी। जिसकी स्वीकृति नहीं मिलने की वजह से आपसी चंदा करके तालाब गहरीकरण किया जा रहा है। भूमि पूजन के दौरान आकाश मिश्रा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद गहरीकरण के लिए गरीबों को स्वयं चंदा इकट्ठा करना पड़ रहा है जो शासन की घोर उपेक्षा की श्रेणी में आता है। उक्त तालाब को लेकर स्थानीय सरपंच कुंती शक्राजीत गुप्ता ने बताया कि मेरे पूर्व कार्यकाल में उक्त तालाब में एक पचरी का निर्माण कराया गया है। वर्तमान में मनरेगा के तहत इसका गहरीकरण होना था , लेकिन मोहल्लेवासियों ने सहमति नहीं दी। मनरेगा मजदूरी मूलक कार्य होता है। उन्होंने बताया कि उक्त तालाब के पास एक शासकीय बोर है जिसका पानी इसमें डाला जाता रहा है ताकि जल स्तर बना रहे।

## कुष्ठ मुक्त जिले की ओर बढ़ते कदम वॉलंटियर्स को दी गई ट्रेनिंग

**बिलाईगढ़।** जिला सारंगढ बिलाईगढ़ में कुष्ठ रोग लेप्रोसी के पूर्ण उन्मूलन और रोकथाम को प्रभावी बनाने के लिए प्रशासन ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। कलेक्टर पदमिनी भोई साहू के विशेष दिशा निर्देशों के पालन में आज स्वास्थ्य विभाग एवं मिशन ट्रांसमिशन फ्री के संयुक्त तत्वावधान में 13 मई को एक दिवसीय जिला स्तरीय वॉलंटियर प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल



आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव ने स्पष्ट किया कि कुष्ठ रोग अब कोई लाइलाज बीमारी नहीं है। उन्होंने कहा कुष्ठ रोग पूर्णतः उपचार योग्य है। सबसे बड़ी चुनौती बीमारी नहीं, बल्कि इसके प्रति समाज में फैली भ्रांतियां और जागरूकता की कमी है। हमारे प्रशिक्षित वॉलंटियर्स गांव गांव जाकर न केवल संदिग्ध मरीजों की पहचान करेंगेए बल्कि उन्हें मुख्यधारा के उपचार से जोड़कर समाज की सोच बदलने का कार्य भी करेंगे।

---

# आंधी-तूफान ने मचाई तबाही, सड़कों पर गिरे पेड़, आवाजाही में हुई परेशानी

हरिभूमि न्यूज : बरमकेला

बुधवार की शाम बरमकेला क्षेत्र में मौसम ने अचानक ऐसा करवट बदला कि कुछ ही मिनटों में पूरा इलाका तेज आंधी, तूफान और मूसलाधार बारिश की चपेट में आ गया। दिनभर मौसम सामान्य बना हुआ था और लोगों को बारिश की कोई खास संभावना नजर नहीं आ रही थी। शाम करीब 5 बजे तक आसमान साफ था और बाजारों में सामान्य चहल पहल बनी हुई थी, लेकिन शाम लगभग 5.30 बजे अचानक तेज हवाएं चलनी शुरू हो गईं। देखते ही देखते आसमान में काले बादल छा गए और तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गई।

आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई स्थानों पर पेड़ और बड़ी बड़ी डालियां टूटकर सड़क पर गिर गईं। बरमकेला के सारंगढ़ मेन रोड स्थित अपेक्स बैंक के पास एक विशाल पेड़ अचानक सड़क पर धराशायी हो गया। पेड़ गिरने से सड़क का बड़ा



सड़क पर गिरा पेड़।

हिस्सा बाधित हो गया और कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित होने लगा। छोटी गाड़ियां और दोपहिया वाहन चालक किसी तरह सावधानीपूर्वक निकलते रहे, लेकिन बड़ी वाहनों को सड़क पार करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने मिलकर रास्ता साफ करने की कोशिश भी कीए ताकि यातायात पूरी तरह बंद न हो। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज तूफान के कारण कुछ देर के लिए लोगों में अफरा तफरी की स्थिति बन गई थी। कई लोग दुकानों और घरों में छिपकर मौसम शांत होने का इंतजार करते रहे। तेज हवाओं के कारण जगह जगह पेड़ों की डालियां टूटकर बिखर गईं। बारिश इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में सड़क किनारे पानी भर गया और कई जगह कीचड़ की स्थिति बन गई।

# बेनकाब हुई कांग्रेस, सट्टा सरगना करन का आकाओं के साथ फोटो

**रायगढ़।** ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा सिंडिकेट के सरगना करन चौधरी की गिरफ्तारी पर सुबह से भाजपा को बदनाम करने का षड्यंत्र रच रही कांग्रेस का चेहरा बेनकाब हो गया है।

आरोपी की तस्वीर कांग्रेस में उप मुख्यमंत्री रहे किंगमेकर टीएस सिंहदेव और मंत्री जयसिंह अग्रवाल के साथ सामने आते ही कांग्रेस बिल में घुस गई है। जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने तीखा हमला बोलते हुए कहा भूपेश बघेल फोटो फोटो खेलना बंद करो। अब जवाब दो कि 5 साल तक करन चौधरी को किसने पाला पोसा महादेव ऐप के बाद अब रायगढ़ का सट्टा सिंडिकेट भी कांग्रेस की गोद में खेलता मिला है। भाजपा की ओर से भूपेश बघेल से जवाब मांगते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष दीवान ने कहा यदि फोटो ही सबूत है तो अब आप टी एस सिंहदेव की तस्वीर सामने आने पर आप क्या बोलोगे। सुबह तक वित्त मंत्री ओपी चौधरी के साथ सार्वजनिक कार्यक्रम की फोटो दिखाकर संरक्षण चिल्लाने वाली कांग्रेस अब टीएस सिंहदेव के साथ आरोपी की मुस्कुराती तस्वीर पर मुंह में दही जमा कर बैठी है। हिम्मत है तो अपने उप मुख्यमंत्री पर भी वही आरोप लगाओ। कांग्रेस सरकार रहते 5 साल तक करन चौधरी पर कार्रवाई क्यों नहीं की। इसका जवाब जनता चाहती है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैंकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त